By Email

09.07.26

पत्र संख्या–बा0नि0रूपां0प्र0–02–तक0(अना0)–204/2025–

**मुख्य अभियंता का कार्यालय,**
**केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण, जल संसाधन विभाग,**
**जल संसाधन भवन, ब्लॉक–बी0, अनिसाबाद, पटना–800002.**
**e-mail-ce.cen.deg.rec@gmail.com**

प्रेषक,

महमूद आलम,
मुख्य अभियन्ता।

CE(MD)

सेवा में,

मुख्य महाप्रबंधक,
बिहार स्टेट रोड डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड,
केन्द्रीय यॉंत्रिक कर्मशाला परिसर,
हवाई अड्डा के निकट, शेखपुरा, पटना–14.
(email-bsrdcltd@gmail.com)

EE (P.T) to upload on web

/पटना–2, दिनांक–

विषय :– दीघा–शेरपुर–बिहटा (कोईलवर पुल के पहुँच पथ) तक (34.532 कि0 मी0 की लम्बाई में) जे0 पी0 गंगा पथ के विस्तार परियोजना हेतु जल संसाधन विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र (NOC) के संबंध में।

प्रसंग :– भवदीय पत्रांक– BSRDCL Ltd–4640/2025–1768 (we) दिनांक–25.05.2026.

महाशय,

उपयुक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्तर से पत्रांक–बा0नि0रूपां0प्र0–तक0–(अना0)–02–204/2025–163 दिनांक 07.05.2026 द्वारा दीघा–शेरपुर–बिहटा (कोइलवर पुल के पहुँच पथ) तक (34.532 कि0मी0 की लंबाई में) जे0 पी0 गंगा पथ विस्तार परियोजना हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निमित्त प्रथम चरण अंतर्गत सैद्धान्तिक सहमति निर्गत है। उक्त प्रथम चरण अंतर्गत निर्गत सैद्धान्तिक सहमति की कंडिका–09 मात्र का अनुपालन कर प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित परियोजना हेतु द्वितीय चरण अन्तर्गत अंतिम रुप से अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि विभागीय परिपत्र संख्या–PMC–5/विविध/9–28/2004 –पार्ट–I–485, दिनांक–29.08.2024 के खण्ड–(ख) के Case-2 के द्वितीय चरण की उप कंडिका-(i) का अनुपालन करते हुए एवं पत्रांक–बा0नि0रूपां0प्र0–तक0–(अना0)–02–204/2025–163 दिनांक–07.05.2026 द्वारा निर्गत सैद्धान्तिक सहमति पत्र के उपरान्त बिहार स्टेट रोड डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पटना के सक्षम तकनीकी प्राधिकार से संरचना का रूपांकण एवं आलेख्य अनुमोदित करा कर संबंधित अभिलेख सहित अंतिम रूप से अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने का प्रस्ताव एवं IIT Roorkee द्वारा समर्पित Mathematical Modelling Report की कंडिका–V के संबंध में निर्णय लेते हुए इस आशय के प्रमाण–पत्र के साथ कि **"प्रस्तावित संरचना का रूपांकण एवं आलेख्य सक्षम तकनीकी प्राधिकार से अनुमोदित है"**, मुख्य अभियंता, केन्द्रीय रूपांकण, शोध एवं गुण नियंत्रण,

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय) जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
निबंधन सं0 1417
10/07/26

जल संसाधन विभाग, पटना को समर्पित किया जाय ताकि विभागीय प्रावधानानुसार द्वितीय चरण के अंतर्गत अंतिम रुप से अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किया जा सके।

विश्वासभाजन,

ह0/–

(महमूद आलम)
मुख्य अभियन्ता।

ज्ञापांकः–बा0नि0रुपां0प्र0–02–तक0(अना0)–204/2025– 1047 पटना–2, दिनांकः– 09/7/2026

प्रतिलिपिः–अभियन्ता प्रमुख, मुख्यालय, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ समर्पित।

मुख्य अभियन्ता।